52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.0 °c अधिकतम 25.2 °c

**अमृतवाणी**

धोखा कभी मरता नहीं, आज आप दोगे, कल आपको मिलेगा।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जिन्हें जनता ने बार-बार नकारा वे ही लोकतंत्र का अनादर कर रहे हैं : मोदी



लोकतंत्र का अनादर करने वालों को... लोग माफी कभी नहीं देते.....

सूर्योदय : 6:52 सूर्यास्त : 5:20 वर्ष : 52/ अंक : 327 मंगलवार, 26 नवम्बर 2024 मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

# होटल में दुल्हन पर बटर नाइफ से वार, वर पक्ष ने किया फेरों से इंकार

**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)।** एनएच-58 स्थित एक होटल में उस समय अफरा-तफरी का माहौल मच गया जब अचानक ही दुल्हन के रिश्तेदार ने दुल्हन पर बटर नाइफ से हमला कर दिया। हमले में दुल्हन घायल हो गयी, जिसे पुलिस की देख-रेख में भोपा रोड स्थित आनन्द हॉस्पिटल ले जाया गया, चूंकि उक्त काम प्लास्टिक सर्जन का था इसलिए डॉक्टरों ने परिजनों को प्लास्टिक सर्जन के यहां ले जाने की सलाह दी, मगर जैसे ही डॉक्टरों ने दुल्हन को प्लास्टिक सर्जन पर ले जाने की बात कही तो ना, ना मैं हूं फेरों के लिए तैयार, टांके-वांके बाद में लगते रहेंगे। इसके बावजूद भी देर रात






समाचार मिला कि उक्त युवती के फेरे नहीं हो पाए। आपको बता दें कि एनएच-58 स्थित एक होटल पर शामली जनपद के कैराना थाना क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी शिवानी पुत्री राजकुमार सिंघल का विवाह सम्पन्न हो रहा था, तभी कैराना क्षेत्र का ही दीपक गुप्ता दूर का रिश्तेदार एकाएक उठा और बटर नाइफ से दुल्हन पर हमला करने लगा। यह देख बारातियों व घरातियों ने उक्त युवक को हाथोंहाथ दबोच लिया मगर दुल्हन की गर्दन पर चाकू लगने से वह लहूलुहान हो गयी। तुरन्त पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो मंसूरपुर थाना प्रभारी उमेश कुमार रोरिया घटनास्थल पर मय फोर्स के पहुंचे और उक्त युवक को हिरासत में ले लिया। इतने में वहां मीडियाकर्मी पहुंच गए तो होटल स्टाफ ने मीडियाकर्मियों को अंदर जाने से यह कहकर रोका कि जब तक होटल के मालिक नहीं आ जाते तब तक किसी को अंदर जाने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद होटल के बाहर खड़े होकर ही से मीडिया ने बातचीत की, तो उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपी दूर का रिश्तेदार बताया गया है और उससे पूछताछ की जा रही

शेष - पृष्ठ-4 पर

## आरोपी युवक पहले भी एक युवती को जड़ चुका थप्पड़

**कैराना, 25 नवम्बर (बु.)।** पिछले समय भी कैराना में उक्त व्यक्ति का मामल गूंज चुका है। एक छात्रा को थप्पड़ मारने का आरोप लग चुका है। आज बात करें तो जनपद मुजफ्फरनगर में एक दुलहन को आज चाकू मारने की घटना सामने आई, लेकिन अगर उस समय कैराना पुलिस सख्त कार्यवाही कर देती तो शायद यह घटना ना देखने को मिलती। दअरसल कैराना के व्यापारी नेता के बेटे की दबंगई सामने देखने को मिली थी, जहां व्यापारी के बेटे ने सरेराह एक छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया था। उस समय भी पीड़िता ने परिजनों के साथ कोतवाली में पहुंचकर तहरीर दी थी, लेकिन उस समय आपसी समझौता हो गया था। मामला तब का था, एक छात्रा स्कूल से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान डॉ. जमशेद वाली गली में युवक ने उसे थप्पड़ जड़ दिया था, और बाइक से फरार हो गया था, वहीं, पीड़िता ने पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी को पहचान कर कार्यवाही की गुहार लगाई थी, तब पता लगा था कि कैराना का व्यापारी नेता है, लेकिन पुलिस ने अगर उस समय कार्यवाही कर देती, तो शायद जनपद मुजफ्फरनगर में यह कांड नहीं होता, लेकिन कैराना पुलिस उस समय व्यापारियों के दबाव में आ गई थी। हालाकि अब क्या कार्यवाही होती है यह तो समय बतायेगा।

**उस समय मामला काफी हाइलाइट हुआ था**

## युवक के दुस्साहसिक कृत्य से रुक गए दुल्हन के फेरे

**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)।** एनएच-58 स्थित होटल में बटर नाइफ से वार करने वाले कैराना निवासी दीपक गुप्ता के दुस्साहसिक कृत्य से आखिर दुल्हन के फेरे रुक ही गए। मंसूरपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि कई घंटे तक दुल्हा व दुल्हन पक्ष में वार्ता चली मगर वार्ता आखिरकार विफल रही और दुल्हन के फेरे नहीं हो पाए। बताया जाता है कि युवक के दुस्साहसिक कृत्य के कारण वर पक्ष के मन में कुछ संदेह पैदा हो गया और उक्त संदेह का कहने- सुनने के बाद भी स्पष्टीकरण न होने के कारण वर पक्ष ने युवती से शादी करने से इंकार कर दिया। देर रात समाचार लिखे जाने तक यही सूचना मिल पाई कि सुलहनामा तो दोनों पक्ष में होने के लिए खूब मशक्कत की गयी मगर वर पक्ष माना ही नहीं, ऐसे में सम्भावना यही जताई जा रही है कि दुल्हन पक्ष उक्त युवक के विरुद्ध तहरीर देने की तैयारी कर रहा था, क्योंकि उक्त युवक के कारण रंग में भंग तो हुआ ही, साथ ही साथ युवती का विवाह न हो पाने से परिवार व युवती को अपमान सहन करना पड़ा और उक्त अपमान की भरपाई सम्भवतः हो पाना भी आसान नहीं, क्योंकि ऐसी घटना के बाद परिवार के लिए लड़की का दूसरी जगह रिश्ता करना मुश्किल हो जाता है। अब देखना यह होगा कि मंगलवार को युवती पक्ष से तहरीर आने के बाद अब पुलिस किस मामले में युवक को जेल भेजती है।

# संभल में मरने वाले पांच हुए, न्यायिक जांच के आदेश

## उपद्रवियों से नुकसान की भरपाई और पाबंद किए लोगों से होगी वसूली

**मुरादाबाद/संभल, 25 नवंबर (एजेंसी)।** जामा मस्जिद के नजदीक से शुरू हुए बवाल के बाद भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच कर्फ्यू जैसे हालात हैं। हिंसा में मरने वालों की तादाद बढ़कर पांच हो गई है। उपद्रवियों ने आगजनी की और तोड़फोड़ कर उत्पात मचाया। गली मोहल्ले और प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। पुलिस और प्रशासन के पास ऐसे वीडियो और फोटो हैं। जिसमें वह बवाल करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन उपद्रवियों ने जो सरकारी व निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। उसकी वसूली भी इन्हीं उपद्रवियों से की जाएगी। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि उपद्रव के दौरान जो नुकसान हुआ है, उसका आकलन कराया जा रहा है। इसके बाद जो भी धनराशि आकलन रिपोर्ट के आधार पर तय होगी उसकी वसूली की जाएगी। इसके अलावा जिन लोगों को पाबंद किया गया था। उनसे भी वसूली की जाएगी। 42 लोगों को नोटिस तामील कराए गए थे। इनमें जिनकी भी भूमिका बलवे में रही है। उन सभी से वसूली होनी है। प्रशासन अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ा रहा है। संभल में बवाल के दौरान हुई मौतों की न्यायिक जांच होगी। संभल फायरिंग में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई। इलाज के दौरान मोहम्मद कैफ और मोहम्मद अयान की मौत हो गयी। कल नोमान, बिलाल और नईम की गोलियां लगने से मौत हुई थी। मामले की जांच डिप्टी कलक्टर मुख्यालय दीपक कुमार चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। घटना कैसे हुई, क्या-क्या नुकसान हुआ और मौत किन कारणों से हुई है। इन जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जांच होनी है। प्रशासन के रिकॉर्ड में चार लोगों की मौत दर्ज है लेकिन पांच लोगों की जान गई है।




## बवाल में मारे गए युवकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा... शरीर में मिली 315 बोर की गोली

**संभल।** संभल में बवाल के दौरान पुलिस ने गोली नहीं चलाई। उपद्रवियों द्वारा पुलिस पर की गई फायरिंग में ही जान गई हैं। दो लोगों के शरीर में गोली लगने के निशान मिले हैं। गोली उनके शरीर से पार निकल गई। वहीं तीसरे मृतक के शरीर में 315 बोर की गोली मिली है। यह कहना है संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का। एसपी ने बताया कि पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और जब भीड़ नियंत्रित नहीं हुई तो रबर बुलेट चलाई गईं। वहीं उपद्रवियों ने पुलिस पर फायरिंग की। उपद्रवियों की फायरिंग में ही तीन लोगों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। दो अन्य की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## जामा मस्जिद के सदर को हिरासत में लिया गया

**संभल।** संभल में हुए हिंसा के मामले में जामा मस्जिद के सदर जफर अली को भी हिरासत में लिया गया। हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस के अनुसार उन पर हिंसा भड़काने का आरोप है। इसके अलावा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और स्थानीय विधायक के बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने सांसद बर्क और विधायक के बेटे पर मस्जिद में आयोजित सर्वे को लेकर उकसाने वाली बातें प्रचारित करने का आरोप लगाया है। इसके बाद विवाद बढ़ा और हिंसा फैल गई। हिंसा के दौरान पुलिस और स्थानीय प्रशासन पर भी हमले हुए, जिससे कई घायल हो गए।


evan multi speciality hospital
ईवान हॉस्पिटल
(श्री जयप्रकाश जैन, नावला परिवार)
24/7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध
अब नॉर्मल सिजेरियन डिलीवरी मात्र 25,000/- में
( पैकेज )
निः शुल्क परामर्श, 09 AM to 05 PM
• विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में
• आधुनिक उपकरण
• व्यक्तिगत देखभाल एवं पोस्ट-डिलीवरी सपोर्ट
• एयर कंडीशनिंग रूम, स्वच्छ शौचालय एवं वेटिंग रूम
किफायती और विश्वसनीय – केवल आपके ईवान अस्पताल में!"



डॉ. निधि MBBS, MS (Obstetrician & Gynecologist) Infertility & high risk pregnancy specialist
डॉ. जैनब BAMS
नलिनी बंसल Counsellor
सना नाज़ Nurse Superintendent
रिदा Nurse
नोटः अतिरिक्त सेवाओं का शुल्क देना होगा।
info@evanhealthcare.com
www.evanhealthcare.com
Follow Us On
8218366108, 7078693040, 7088002601
4 Km. Bhopa Road, Muzaffarnagar (U.P)



पंजाबी समाज
समिति (रजि.), मुजफ्फरनगर का





नीलकमल पुरी जी को
(चेयरमैन- इण्डस्ट्रीयल को-ऑपरेटिव सोसाइटी लि. उपाध्यक्ष- वेस्टर्न यू.पी. चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज)
चेयरमैन एवं
अंकुर दुआ जी को
(सदस्य- भारतीय प्रेस परिषद, संपादक- मुजफ्फरनगर बुलेटिन)
अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



प्रिंस इण्डस्ट्रीज 8 बी, इण्डस्ट्रीयल स्टेट, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर रविन्द्र प्रिंस








# एम.जी. पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव एम.जी. पैनोरमा का शानदार आगाज

**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बुस.)।** एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रागण आज दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एम.जी. पैनोरमा-2024 का धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान विद्यालय प्रांगण हर्ष एवं उल्लास की सतरंगी छटा से परिपूर्ण नजर आया। स्कूल के इस वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से जहां भारत की विविध संस्कृति और सभ्यता के साथ ही काशी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बहुत ही सुन्दर ढंग से सभी के समक्ष रखा, तो वहीं चाणक्य नीति और अलीबाबा 40 चोर पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों ने भी अपनी गहरी छाप छोड़ने का काम किया। नन्हें मुन्ने बच्चों की नृत्य प्रस्तुति सभी को आनंदमय कर गई। एम.जी. पब्लिक स्कूल में सोमवार की शाम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एम.जी. पैनोरमा-2024 का रंगारंग आगाज हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी अनु अग्रवाल के साथ ही एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चन्द गोयल, मधु गोयल, मेघा गोयल, सुरूचि गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन भीम सेन कंसल, सचिव विकास गोयल, उपाध्यक्ष विनीत सिंघल, कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल और कमेटी सदस्य वैभव गोयल, पूजा रोहित सिंघल का विद्यालय प्रांगण में पधारने पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक स्व. बाबू हरबंस लाल गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सतरंगी शाम के बीच वार्षिकोत्सव के रंगारंग कार्यक्रमों का दौर छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की महिमा के गुणगान के साथ शुरू हुआ। नन्हें बच्चों ने अतिथियों और अभिभावकों के सम्मान में स्वागत गीत पर मनभावन नृत्य प्रस्तुति दी, तो माहौल में आनंद छा गया। एम.जी. पैनोरमा-2024 के प्रथम दिवस मंचीय प्रस्तुतियों में भारत की विविध संस्कृतियों को सामने रखते हुए अखण्ड भारत का जीवंत चित्रण किया गया। इनमें बारिश की खुशनुमा धार और मौसम की ऋतुओं का संगीत, अलीबाबा गैंग का रोमांच, चाणक्य की अखण्ड भारत के प्रति गम्भीर सोच का समावेश नजर आया, तो वहीं पंजाब की मस्ती भरी संस्कृति और सभ्यता, केरल की लय और गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण के संगम के साथ अपनी छाप छोड़ने में सफल नजर आये। भगवान शिव की नगरी काशी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का दर्शन कराने वाला कार्यक्रम काशी-सर्वप्रकाशिका भी सराहनीय रहा। सभी कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी नृत्य कला और अभिनय शैली की प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन कर प्रशंसा हासिल की। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट को सभी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय में वार्षिक परीक्षा, खेलकूद एवं आयोजनों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को इतने विशाल मंच पर नृत्य और नाटकीय प्रस्तुतियों के लिए तैयार करना बड़ी बात है। इसमें इन बच्चों के परिश्रम के साथ ही इसके लिए इनके शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों का समर्पण भी सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय के द्वारा अपने वार्षिकोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवाद की भावना को समर्पित विषयों पर कार्यक्रम का चयन करने के लिए सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ही बच्चों को संस्कारवान और राष्ट्र से जुड़ने में सहायता मिलती है। अंत में प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया। समारोह का संचालन रितु सिक्का और एंकरिंग जूही मित्तल, हर्ष अग्रवाल, जिया जैन, वृन्दा, हर्षिता और हितिका द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उद्यमी आलोक स्वरूप, अभिनव स्वरूप, प्रधानाचार्य वीएस वर्मा जेवी पब्लिक स्कूल, दिनेश मोहन एडवोकेट, डॉ. अविनाश रमानी, डॉ. एम.के. बंसल, राकेश बिन्दल, डॉ. मृणालिनी अनन्त, सरिता चौधरी, दीपिका चटवाल, दीप्ति प्रकाश, शिल्पा दत्ता, सुखदर्शन सिंह बेदी, हनी सेखो, मनप्रीत सिंह बेदी, राजन अग्रवाल, एडीजीसी विक्रान्त राठी एडवोकेट, सत्यवीर सिंह, विशाल गर्ग, डॉ. पी.के. अग्रवाल, निशा अग्रवाल, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. विनीत मनोचा, जितेंद्र सिंह, सीए अजय अग्रवाल, विनोद संगल, अलका गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया- 1400, रसकट ढैया 1100-1145, चाकू 1285-1485, लड्डू 1380-1490, खुरपापाड़ 1300-1348, शक्कर मसाला 1400-1421, आमद- 10000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 79400 | चांदी- | 91000 |
| सिक्का- | 100050 | गिन्नी- | 59455 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 26 नवम्बर, 2024

**मेष-** स्वास्थ्य सुधार पर, समस्या के संदर्भ में स्वयं का निर्णय हितकर, बकाए धन की प्राप्ति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।
**वृषभ-** मानसिक अशांति, कार्यों के प्रति उदासीनता, पारस्परिक मतभेद, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, निराशा प्रभावी, मानसिक कष्ट, यात्रा असंतोषजनक।
**मिथुन-** शुभ भावनाओं का उदय, विशिष्टजनों से सम्पर्क, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, भोग-विलासिता की ओर रुचि, आय के नवीन स्रोत।
**कर्क-** समय संतोषजनक, साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल।
**सिंह-** ग्रहस्थिति अनुकूल, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, परोपकार की भावना जागृत, घरेलू समस्याएँ सुलझने की ओर, वाहन से सुख, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय।
**कन्या-** कार्यों में अड़चनें, साझेदारी के व्यवसाय में हानि, विवाद की आशंका, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, दाम्पत्य जीवन में कटुता, आरोप-प्रत्यारोप से कष्ट।
**तुला-** बुद्धि-विवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, आर्थिक स्थिति में सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक।
**वृश्चिक-** कठिनाइयों का निराकरण, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों में रुझान, तनाव में कमी, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता।
**धनु-** शुभ भावनाओं का उदय, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, इच्छित लाभ की प्राप्ति, नवयोजना की शुरूआत हेतु नूतन-पुरातन मित्रों से संयोग, परिवार में सुखशांति।
**मकर-** कार्य-व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य में अड़चनें, समस्याओं से अशांति, आपसी सम्बन्धों में तनाव, वैवाहिक जीवन में मनमुटाव, द्रव्य की क्षति, व्यर्थ भ्रमण।
**कुम्भ-** ग्रहस्थिति अनुकूल, कठिनाइयों का निवारण, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवसमाचार की प्राप्ति, स्वविवेक का निर्णय लाभदायक।
**मीन-** कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, शुभ विचारों के उदय से आत्मिक शांति, संभावित यात्रा संतोषजनक, मनोरंजन की ओर रुचि, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# बावरिया गैंग के 05 पशु चोर मुठभेड़ में अरेस्ट

### - भाग रहे एक चोर को लगी गोली, शस्त्र बरामद

**बुढ़ाना, 25 नवम्बर (बु.)।** पुलिस ने मुठभेड़ में बावरिया गैंग के 5 सदस्यों को उस समय गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की, जब वे बुढ़ाना क्षेत्र में डकैती डालने आए थे। पुलिस टीम ने एक चोर को गोली मारकर पकड़ा है। इनके पास से अवैध शस्त्र भी बरामद किए गये हैं। बताया जाता है कि सोमवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में करीब 12 बजे बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह को किसी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ बदमाश विझाना मार्ग पर खाली पड़े प्लाट में ईंटो के ढेर के पास डकैती की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर तुरंत एक टीम बनाई गयी, जिसका नेतृत्व बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र द्वारा किया गया। टीम में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार सहित अन्य दर्जनों पुलिसकर्मियों ने आसपास के इलाके की चैकिंग करते हुए 5 लोगों को घेर लिया, तब एक बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चला दी, जिसमें कांस्टेबल राजवीर सिंह बाल-बाल बच गये, तब पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें भाग रहे एक बदमाश को गोली लग गयी, तब बदमाशों ने सरेंडर कर दिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम जिला मेरठ के थाना खरखौदा के गांव उलधन निवासीगण नौशाद पुत्र अल्लाबख्श, सलमान पुत्र यामीन, शहरयाब पुत्र इस्तियाक, अख्तर पुत्र असलूप व अफसर पुत्र कलवा हैं। पुलिस ने इनके पास से 3 अवैध तमंचे, 3 खोखे, 6 कारतूस, एक चाकू और एक पिकअप गाड़ी बरामद की है। नौशाद पर पूर्व में 3 मामले हैं। पुलिस टीम ने घायल बदमाश नौशाद को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।






# रोजगार के लिए आईटीआई में हुआ साक्षात्कार

**भोपा, 25 नवम्बर (बु.)।** आईटीआई में कैंपस प्लेटसमेंट का आयोजन किया गया। आईटीआई पास आउट के सवा दो सौ युवकों को शामिल किया गया। आईटीआई भोपा-मोरना कैंपस में कैंपा कोला भारतीयम बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड पुरकाजी ने आईटीआई के पास आउट 18 से 25 वर्ष के युवाओं को रोजगार देने के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया। साक्षात्कार में फीडर, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिक, एमएमवी, आरएसी टर्नर, वेल्डर, प्लंबर आदि ट्रेड के लगभग 225 युवक सामिल हुए। इनमें से लगभग पांच दर्जन युवकों को रोजगार देने का लक्ष्य है। जल्द ही इसे फाइनल रूप दे दिया जाएगा। इस अवसर पर कैंपा कोला भारतीयम बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड टीम के साथ ही प्रधानाचार्य रोहिताश सिंह, परमानंद, कर्मवीर सिंह,संगीता राजपूत, मयंक कुमार विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर लगने से बाइक पर बैठी महिला हुई गम्भीर रूप से घायल



**चरथावल, 25 नवम्बर (बु.)।** ग्राम क्यामपुर-दूधली मार्ग पर तेज गति से आ रही कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक व बाइक के पीछे बैठी महिला घायल हो गई। राहगीरों के द्वारा घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, वहीं गम्भीर हालत के चलते महिला को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। देवबन्द थानाक्षेत्र के भनेड़ा निवासी 40 वर्षीया महिला बसकरी पत्नी मुस्तकीम अपने गांव क्यामपुर आई हुई थी। सोमवार को ग्राम क्यामपुर से अपने एक रिश्तेदार के साथ महिला बसकरी रिश्तेदारी में जा रही थी। ग्राम क्यामपुर-दूधली मार्ग पर तेज गति से आ रही कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक व बाइक के पीछे बैठी महिला घायल हो गई। राहगीरों के द्वारा घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, वहीं गम्भीर हालत के चलते महिला को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया, जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया।



# पेशकार कार्यालय का जीर्णोद्धार व सौन्द्रर्यीकरण हुआ

**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)।** एसएसपी द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित पेशकार कार्यालय का जीर्णोद्धार व सौन्द्रर्यीकरण कराया गया है। सोमवार को एसएसपी द्वारा पेशकार कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया। पेशकार कार्यालय में कार्य सुचारू व बेहतर रूप से करने हेतु उच्च क्षमता के कम्प्यूटर व अन्य संशाधन लगाये गये हैं। साथ ही रजिस्टर व रिकार्डस के बेहतर रखरखाव हेतु आलमारी आदि भी लगवायी गयी है। इस दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ अशोक कुमार सोलंकी, सीओ मुकेश गौतम, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बार-संघ जानसठ के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे

**जानसठ, 25 नवम्बर (बु.)।** सोमवार को बार-संघ जानसठ के अधिवक्ताओं के द्वारा गाजियाबाद प्रकरण के संबंध में हड़ताल को जारी रखते हुए न्यायिक कार्यों से विरक्त रहे। विदित हो कि 29 अक्तूबर 2024 को जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद द्वारा अधिवक्ताओं से नोंक-झोंक होने के बाद पुलिस बुलाकर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करा दिया गया था, जिसको लेकर तभी से अधिवक्ता निरंतर न्यायिक कार्य से विरत हैं। उसी क्रम में सोमवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन और जिला बार-एसोसिएशन मुजफ्फरनगर के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने आंदोलन को गति देते हुए हड़ताल की। सचिव दीपेश गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि बार-संघ जानसठ पूर्ण रूप से गाजियाबाद बार-एसोसिएशन के साथ है। हम अधिवक्ताओं के मान सम्मान के लिए कोई भी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। इस दौरान अध्यक्ष अजय कुमार पंत, प्रदीप कुमार गर्ग, वेद प्रकाश सैनी, जितेंद्र तोमर, तेजपाल कश्यप, पोदी सिंह कश्यप, प्रमोद शर्मा, ज्ञानचंद सैनी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जैन मुनि का नगर की पावन धरा पर हुआ मंगल प्रवेश



**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बुस.)।** सोमवार को परम पूज्य आचार्य श्री वसु नन्दी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य श्रमण मुनि श्री108 श्रद्धानंद महाराज एवं श्रमण मुनि श्री 108 पवित्रा नंद महाराज का मंगल प्रवेश सुरेंद्रनगर स्थित श्री1008 नेमिनाथ दि. जैन मन्दिर में हुआ। पूज्य मुनि ने शामली से मंगल विहार करते हुए कैराना-कांधला, बुढ़ाना, शाहपुर होते हुए मुजफ्फरनगर की पावन धरा पर प्रवेश किया। आज का मंगल विहार मुनीम कॉलोनी जैन मंदिर से सुरेंद्रनगर के लिए भव्य प्रवेश हुआ। आगामी दिनों में सुरेंद्रनगर में मुनि श्री के सान्निध्य में त्रिदिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 29 नवम्बर को श्री नेमिनाथ विधान, 30 नवम्बर को श्रमण मुनि श्री श्रद्धानंद महाराज का अवतरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और 01 दिसम्बर को नेमिनाथ भगवान की वार्षिक रथयात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। आज गुरुदेव के भव्य मंगल प्रवेश में जैन नगर, प्रेमपुरी, मुनीम कॉलोनी, सभी जैन मंदिरों से जुड़े हुए लोग सम्मिलित हुए। जगह-जगह पर आरती व पाद-प्रक्षालन किया गया। बैण्ड-बाजों के साथ सभी बच्चे हाथों में धर्म-ध्वजा लेकर बड़ी उमंग और उल्लास के साथ चल रहे थे। विनोद जैन (खतौली वाले), राजेश जैन प्रवीन जैन (हुंडई), डॉ. सुनील जैन, प्रदीप जैन, सचिन जैन, अनुज जैन, अंकुर जैन, पंकज जैन, प्रवीण जैन, नितिन जैन (पंसारी), प्रवीण जैन, विपिन जैन, गौरव जैन (श्रीजी मोबाइल), अर्पित जैन, रविंद्र जैन, मनीष जैन, प्रदीप जैन, सारिका जैन, अंशु जैन, राजुल जैन, अन्वी जैन, रवींद्र जैन (वहलना वाले), पुनीत2 जैन (अमीननगर), नीरज जैन (हरिवृंदावन) इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम ASMA से बदलकर ASMAA (असमा) रख लिया है। अब भविष्य में मेरी पुत्री को असमा (ASMAA) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**मौहम्मद हय्यात**
**पुत्र जुल्फकार**
मकान नं. 209, लुहारी खुर्द,
मुजफ्फरनगर- यू.पी.-251311

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम निशा (NISHA) से बदलकर निशा परवेज (NISHA PARVEZ) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे निशा परवेज (NISHA PARVEZ) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**निशा परवेज**
पत्नी परवेज आलम
71 मल्हूपुरा, सरवट रोड,
मुजफ्फरनगर।

## बैनामा खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझसे दिनांक 19-06-2024 को गंगा विहार से वसुंधरा कॉलोनी व वसुंधरा कॉलोनी से पटेल नगर मकान चेंज करते समय नई मण्डी क्षेत्र में दो बैनामे जिसकी बही संख्या 1, जिल्द संख्या 9717 के पृष्ठ 119 से 134 तक क्रमांक 17794 पर दिनांक 23-12-2022 को रजिस्ट्रीकृत किया हुआ व दूसरा बैनामा बही संख्या 1, जिल्द संख्या 13679 के पृष्ठ 329 से 342 तक क्रमांक 7368 दिनांक 26-05-2023 को रजिस्ट्रीकृत किया हुआ, दोनों बैनामे गिरकर गुम हो गए हैं। दोनों बैनामे मेरे नाम पर पंजीकृत हैं। दोनों बैनामे मैंने बैनामे के दौरान प्राप्त किये थे। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इनका उपयोग अवैध व अमान्य होगा।

**गौरव चौहान पुत्र स्व. श्री खजान सिंह चौहान**
**निवासी - गंगा विहार, भोपा रोड व**
**हाल निवासी-पटेल नगर, रामलीला ग्राउंड, थाना नई मण्डी,**
**मुजफ्फरनगर। 9358378523**

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **महर्षि बाल्मीकि लवकुश धर्मशाला समिति, मौहल्ला गाजावाली तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर** के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य हैः- **1. श्री रमेश अध्यक्ष 2. श्री विनोद कुमार उपाध्यक्ष 3. श्री योगेश सचिव 4. श्री बुद्ध प्रकाश उपसचिव 5. श्री जितेन्द्र कोषाध्यक्ष 6. श्री सुमित कुमार सदस्य 7. श्री अजित सदस्य** सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये हैं।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत **धर्मशाला** के पंजीकरण के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर **धर्मशाला** के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**(शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**सहायक रजिस्ट्रार,**
**फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स,**
**सहारनपुर।**

# आरएसएस के प्रचारक बोले- चुनाव में हारे लोगों की देन है संभल हिंसा



**बरेली, 25 नवंबर (एजेंसी)।** संभल हिंसा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि मस्जिद प्रकरण में दोनों पक्षों ने सर्वे स्वीकार कर लिया। इससे जो नेता वोट की खरीद-फरोख्त करते हैं, वोटों का ध्रुवीकरण करते हैं। उनकी पोल खुल रही थी। ऐसे में जो चुनाव हार गए, यह हिंसा उनकी देन है। भारतीय सद्भावना मंच की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में सोमवार को आयोजित 'आओ जुड़ें अपनी जड़ों से' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश ने कहा कि मुस्लिम अगर वोटों की राजनीति का सच जान गया तो कई नेताओं की दुकान बंद हो जाएगा। उन्होंने संभल के मुस्लिमों से अपील करते हुए कहा कि वे आईना देखें कि उनका दुश्मन और दोस्त कौन है। डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि मंदिर या मस्जिद का प्रकरण लंबे समय से चल रहा है। दोनों पक्षों ने अमन-चैन के साथ समझौता करने के लिए कोर्ट का रुख किया। इसमें कोर्ट या सरकार उनके पास नहीं आई। कोर्ट ने कहा कि जांच के बाद असलियत पता चलने पर फैसला लिया जाएगा।

दोनों पक्षों के वार्ता के बाद विशेषज्ञों का समूह बनाया गया। सर्वे की तारीख निर्धारित की गई। रविवार को पुलिस बल, दोनों पक्ष व वीडियोग्राफी करते हुए सर्वे की टीम ने मस्जिद में प्रवेश किया। सवाल उठाते हुए कहा कि मुस्लिमों को इससे नाराजगी थी तो उन्होंने पत्थरबाजी क्यों की? वे अपने पक्ष या सांसद से कह सकते थे कि उन्हें कोर्ट पर भरोसा नहीं। छह महीने प्रक्रिया चल रही थी। विरोध करना था तो पार्टी का गिरेबां पकड़ते कि वे कोर्ट क्यों गए? पत्थर बरसाने, हिंसा करने की क्या जरूरत थी? हिंदुस्तान दंगों से नहीं कानून से चलेगा।

संभल हिंसा में पांच लोग मर गए हैं। कहा कि कोर्ट पसंद नहीं था तो वहां (कोर्ट) क्यों गए? सर्वे क्यों माना? सर्वे का समय निर्धारित कर ज्वाइंट कमेटी क्यों बनाई? डॉ. इंद्रेश ने संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इतनी समझ नहीं थी कि कानून के दायरे में सब चल रहा था। उन्होंने मुस्लिमों को भड़काकर शैतान के रास्ते पर डाला। उनका काम था कि इंसान के रास्ते पर चलने के लिए कहें। बायकॉट कर देते। एक तरफ बर्क कानून पर भरोसा करते हैं, दूसरी तरफ दंगा कराएं। यह कौन सी इंसानियत है? पत्थर मारने थे तो कमेटी और अपने नेताओं को मारते।

# किड्स केयर पब्लिक जूनियर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



**मीरापुर, 25 नवम्बर (बु.)।** कस्बे के किड्स केयर पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति पेश कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्रीमोहन तायल ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में शिक्षक छात्रों का भविष्य संवारकर भारत को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। किड्स केयर पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत अभियान मिशन के प्रदेश सह-संयोजक श्रीमोहन तायल व विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, शिक्षक छात्रों के भविष्य को संवारकर देश को मजबूत करने का कार्य करते हैं, जो संस्कार हमें घर और विद्यालय से मिलते हैं, वह जीवनभर हमारे काम आते हैं। सांस्कृति कार्यक्रम में कक्षा एक की नन्हीं-नन्हीं छात्राओं ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा यूकेजी और कक्षा एक के छात्रों ने माँ के प्यार को दर्शाते हुए तेरी 'उंगली पकड़ के चला' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा तीन के छात्रों ने 'जिंदगी की यही रीत है' तथा कक्षा पांच की छात्रा ने रानी लक्ष्मीबाई के संघर्षों पर आधारित कार्यक्रम से सभी को भाव-विभोर कर दिया। कक्षा छः से छात्र-छात्राओं ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। कक्षा सात की छात्राओं ने राजस्थानी लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कक्षा आठ के छात्रों ने आजादी की लड़ाई में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले देशभक्त भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और उनके साथियों के बलिदान की गाथा प्रस्तुत की। अंत में प्रबंधक विभोर डागा, प्रधानाचार्य मंजू डागा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय में आयोजित होनी वाली प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता शुभम जैन, मूलचन्द शर्मा, संजीव मेहता, सौरभ माहेश्वरी, अमित डागा, शरद डागा, मयंक पाराशर, दीपक धीमान आदि मौजूद रहे।

# तलाक की खबरों के बीच ऐश्वर्या पर बोले अभिषेक, कहा- मैं काम करता हूं और वो बेटी संभालती हैं

**मुंबई, 25 नवंबर (एजेंसी)।** हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पत्नी ऐश्वर्या राय की तारीफ की है। एक्टर ने कहा कि वो ऐश के शुक्रगुजार हैं जो घर पर बेटी आराध्या को संभाल रही हैं और उनकी वजह से ही वो फिल्मों में काम कर पा रहे हैं। लंबे वक्त से बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच तलाक की खबरें चल रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में अभिषेक ने ऐश्वर्या का शुक्रिया अदा किया है। द हिंदू को दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने कहा कि ऐश्वर्या बहुत ही जिम्मेदार हैं और मां बनने के बाद उन्होंने अपने करियर में बहुत त्याग किया है। एक्टर ने यह भी कहा कि वो अपनी पत्नी के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका दिया। इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने कहा, अपने घर पर मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं जो मुझे बाहर निकलकर फिल्मों में काम करने का मौका मिला। पर मुझे पता है कि ऐश्वर्या बेटी आराध्या के साथ घर पर हैं और इसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं। हालांकि, मुझे लगता है कि बच्चें ऐसा नहीं सोचते। वो आपको तीसरे व्यक्ति की नजर से नहीं देखते। वो आपको पैरेंट्स के तौर पर देखते हैं। मां और पिता की तरह। अभिषेक ने आगे कहा, अपने बचपन में मुझे कभी नहीं लगा कि मेरे माता-पिता मेरे आस पास नहीं हैं। जब मैं पैदा हुआ तो मां ने बच्चों के साथ वक्त बिताने के लिए फिल्मों में काम करना छोड़ दिया था।

## खोया-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष - 2013, अनुक्रमांक-0692633 का प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र तथा इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष-2016, अनुक्रमांक-0553067 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**अनुज कुमार**
**पुत्र विजय पाल सिंह**
मकान नं. 111/10, गौशाला नदी रोड,
मुजफ्फरनगर

## प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 59, मौहल्ला सरवट गेट उत्तरी शहर, मुजफ्फरनगर की मिल्कियत के सम्बंध में एक दीवानी वाद संख्या 910, सन् 2024 सचिन गर्ग बनाम नितिन गर्ग आदि न्यायालय सिविल जज सी.डी. मुजफ्फरनगर में लम्बित है। नितिन गर्ग (गर्ग घी वाले) पुत्र स्व. अशोक कुमार गर्ग व उनकी पत्नी श्रीमती चंचल गर्ग इस सम्पत्ति को अपनी बताकर बेचने की फिराक में है। कोई भी व्यक्ति इस सम्पत्ति को न खरीदें, क्योंकि इसमें आधा हिस्सा विज्ञप्तिकर्ता का है।

**सचिन गर्ग पुत्र स्व. अशोक कुमार गर्ग**
**मो. : 9911527827**



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## संसद सत्र के पहले ही दिन हंगामा

संसद में हंगामे के कारण राज्यसभा और लोकसभा को 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वर्तमान लोकसभा के सदस्य रहे वसंत राव चव्हाण और नूरुल इस्लाम सहित कुछ अन्य दिवंगत पूर्व सदस्यों को आज लोकसभा में श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 12 बजे जैसे ही सदन की बैठक फिर शुरू हुई, सदस्यों की तरफ से नारेबाजी शुरू हो गयी। सपा सदस्यों का कहना था कि उनके सांसद के खिलाफ एफआईआर हुई है, जिसके बाद सदन की कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित होने से पहले सभापति जगदीप धनकड़ ने विपक्ष को तगड़ा झटका दिया। सभापति ने नियम 267 के तहत प्राप्त विपक्ष के सभी 13 नोटिसों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वे सभापति के निर्देशों के अनुरूप नहीं हैं। कल सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने परंपरा के अनुसार मीडिया को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि जनता सब कुछ देखती है और इसकी सजा भी देती है, जिन्हें जनता 80 बार नकार चुकी है, वो संसद का काम रोकते हैं। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को कंट्रोल करने की कोशिश की है। प्रधानमन्त्री ने यह भी कहा कि शीतकालीन सत्र है और माहौल भी शीत ही रहेगा। 2024 का यह अंतिम कालखंड चल रहा है। देश पूरे उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है। संसद का यह सत्र अनेक प्रकार से विशेष है, सबसे बड़ी बात है कि हमारे संविधान की यात्रा का 75वें साल में प्रवेश होना। ये अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्ज्वल अवसर है। उन्होंने संसद में विपक्षी सांसदों से स्वस्थ चर्चा में हिस्सा लेने की अपील की। सांसद जिया उर रहमान बर्क पर एफआईआर होने पर सपा सांसदों ने संसद में हंगामा किया। संभल में हुई हिंसा के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। सांसद जिया उर रहमान बर्क के अलावा स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। सोहेल इकबाल भी सपा नेता हैं। पुलिस ने बताया कि इन दोनों पर हिंसा भड़काने, भीड़ जुटाने और अशांति फैलाने का आरोप है। इन दोनों नेताओं पर आरोप है कि इन्होंने बाहर रहकर हिंसा की साजिश रची। इस पर सांसद जिया उर रहमान का कहना है कि वह वहां मौजूद भी नहीं थे। इसके बावजूद भी एफआईआर दर्ज की गई। जिला प्रशासन ने पत्थर, सोडे की बोतलें या किसी भी ज्वलनशील या विस्फोटक सामग्री को खरीदने या जमा करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि के 30 नवंबर तक बिना अनुमति के क्षेत्र में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस ने कहा है कि उपद्रवियों ने गोलियां चलाईं और इससे एक पुलिस अधिकारी के पैर में गोली लग गई, जबकि अन्य पुलिस अफसरों को छर्रे लगे और इस हिंसा में 15 से 20 पुलिसकर्मी घायल हो गए। डिप्टी कलेक्टर के पैर में फ्रैक्चर हो गया। हिंसा को लेकर सामने आई तस्वीरों में लोगों को इमारतों की छतों से और शाही जामा मस्जिद के सामने से पुलिस पर पत्थरबाजी करते हुए देखा जा सकता है। संभल के समाजवादी पार्टी सांसद बर्क ने फिर विवादित बयान देते हुए पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पुलिसवाले प्राइवेट हथियार लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि पुलिसवालों ही ने गाड़ी में आग लगाई। जिया उर रहमान बर्क ने कल संसद भवन के बाहर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही अफसोसनाक है। पूरी तरह से सुनियोजित घटना है। मुस्लिमों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा हाल आजादी के बाद से कभी नहीं हुआ होगा, जिस तरह से 1991 में लागू हुए प्लेसेज ऑफ वर्शिप ऐक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है, वो चिंताजनक है। अब याचिका डाली जा रही है और डीएम-एसएसपी ने उसी दिन जाकर सर्वे कराया। बर्क ने कहा कि सर्वे में हमने सहयोग किया, लेकिन फिर जुमे के दिन नमाज के वक़्त काफी पुलिस फोर्स तैनात थी और लोगों को रोका गया, लेकिन हमने लोगों को शांत कराया, लेकिन फिर रविवार को दोबारा सर्वे करने की क्या जरूरत थी? मस्जिद के बाहर पुलिस पर पथराव करने वाली भीड़ को किसने कैसे और क्या निर्देश देकर बुलाया? इस सवाल का बर्क ने कोई जवाब नहीं दिया। सम्भल से जो रिपोर्ट आ रही है, उनसे साफ हो रहा है कि दंगाइयों ने छतों पर पत्थर इकट्ठा कर रक्खे थे और दंगाइयों को उकसाने में नेताओं की भी भूमिका थी। जिलाधिकारी का कहना है कि भीड़ को उकसाने और हिंसा की साजिश रचने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। संभल के ज़िलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने दावा किया है कि इलाके में हालात अब पूरी तरह सामान्य है और अब वहां कोई समस्या नहीं है। हमारे अधिकारी रात ही से वहाँ निगरानी कर रहे हैं और पूरी टीम इलाके में मौजूद है। संभल के एसपी कृष्ण कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि संभल में पथराव की घटना के खिलाफ करीब 2500 दंगाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अखिलेश यादव की अगुवाई में सपा सांसदों ने लोकसभा स्पीकर से मुलाकात की है। सपा सांसदों ने स्पीकर से संभल हिंसा पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। इस दौरान अखिलेश ने संभल सांसद पर हुई एफआईआर का मामला उठाया। उन्होंने संभल सांसद के संरक्षण की मांग की। कई चैनलों की रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि कुछ नेताओं ने दस से पंद्रह किलोमीटर के एरिए के लोगों को सोशल मीडिया के जरिए उकसाया, इसीलिए नेताओं पर एफआईआर हुई। इस मामले को लेकर दो दिनों से अखिलेश यादव, योगी सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साध रहे हैं। अखिलेश ने कहा है कि प्रशासन दुशासन की तरह काम कर रहा है। इस पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव सत्ताइस का सत्ताधीश बनना चाह रहे थे, लेकिन उनका सपना चकनाचूर हो गया। समाजवादी पार्टी का जो गुब्बारा फूल गया था, उपचुनाव में जनता ने उसकी हवा निकाल दी है। समाजवादी पार्टी की साइकिल पंचर हो गई है। अखिलेश यादव उसे लेकर सैफई जाएं, उसको गैराज में खड़ा करें।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"नजर" "शक्ल" "मुस्कान" "व्यवहार"

दूसरों को गलतियों पर टोकिये और रोकिये,
खामियों पर खुद की भी पैनी नजर हर बार हो।
शक्ल पर मुस्कान हो और आंख में हो आजिजी,
आपसे अच्छा हमेशा आपका व्यवहार हो।

# धड़ाधड़ बंद होते सिनेमाघरों के अब बहुरेंगे दिन, खुलेंगे ताले

### - कभी शहर में थे 10 सिनेमा हॉल, अब केवल एक संचालित - जल्द शुरू हो सकते हैं बाकी 9 पिक्चर हॉल भी, मिलेगी सुविधा






मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)। जिले में धड़ाधड़ बंद होते सिनेमाघरों के अब न केवल ताले खुलेंगे, अपितु महानगरों की तरह छोटे शहरों में मल्टीप्लेक्स बनेंगे। सिनेमाघर व मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार ने इस दिशा में समेकित प्रोत्साहन योजना लागू कर दी है। करीब साढ़े 4 वर्षों के बाद नए सिरे से लागू की गई योजना के तहत न केवल पुराने सिनेमाघरों को चालू करने पर अपितु यूपी में नए सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर या मल्टीप्लेक्स निर्माण पर भी अब 100 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार सिनेमाघर या मल्टीप्लेक्स में सोलर सिस्टम लगाने के कुल खर्चे का भी 50 प्रतिशत धन उपलब्ध कराएगी। दरअसल, पूर्व में सिनेमा व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2017 से लागू प्रोत्साहन योजना मार्च 2020 में खत्म हो गई थी। उसके बाद प्रोत्साहन न मिलने से अब तक यूपी में 800 एकल सिनेमाघर बंद हो चुके हैं। सहायक आयुक्त राज्य कर (प्रभारी मनोरंजन कर) ने बताया कि यूपी शासन द्वारा प्रदेश में बन्द सिनेमाघरों को पुनः संचालित कराने, संचालित सिनेमाघरों का पुनर्निर्माण, रिमॉडल कराने, मल्टी प्लेक्स विहीन जिलों में मल्टी प्लेक्स खुलवाने व अन्य जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्माण को भविष्य में प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना घोषित की गयी है। योजना के अन्तर्गत बन्द पड़े या घाटे में चल रहे छविगृहों को पूर्ण रूप से तोड़कर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघुक्षमता के सिनेमाहॉल सहित व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनाने पर सिनेमाघरों को 3 वर्ष एकत्रित राज्य माल और सेवा कर के शत प्रतिशत एवं शेष 02 वर्ष एकत्रित राज्य माल और सेवा कर के 75 प्रतिशत कर के समतुल्य धनराशि अनुदान के रूप में अनुमन्य होगी। वहीं पुराने बन्द पड़े एवं संचालित सिनेमाघरों में भवन की आतंरिक संरचना में परिवर्तन व पुनर्संचालित होने वाले सिनेमाघरों हेतु प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत सिनेमाघर-मल्टीप्लेक्स को प्रथम तीन वर्ष एकत्रित राज्य माल और सेवाकर के 75 प्रतिशत व शेष 02 वर्ष एकत्रित राज्य माल और सेवा कर के 50 प्रतिशत समतुल्य धनराशि अनुदान रूप में अनुमन्य होगी।

प्रदेश में बन्द पड़े एकल सिनेमाघरों को बिना आन्तरिक संरचना में परिवर्तन किए यथा स्थित पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघरों हेतु, व्यावसायिक गति विधियों सहित/रहित न्यूनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण के लिए भी प्रोत्साहन योजना घोषित की गयी है। इसी प्रकार जिन जनपदों में एक भी मल्टीप्लेक्स निर्मित या संचालित नहीं है, वहां मल्टी प्लेक्स खुलवाने व जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित है, उन जिलों में नए मल्टीप्लेक्स निर्माण हेतु भी प्रोत्साहन योजना घोषित की। सिनेमा-मल्टीप्लेक्स स्वामी प्रोत्साहन योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु मनोरंजन कर कार्यालय कलेक्ट्रेट से सम्पर्क कर सकते हैं।

## जिले के सिनेमाघर मालिकों ने किया सरकार की पहल का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन से जुड़े प्रणव गर्ग ने प्रदेश में शुरू योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे प्रदेश में फिर से सिनेमा उद्योग का विकास होगा। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि वर्तमान परिवेश में इस योजना का उन जनपदों अथवा कस्बों में अधिक लाभ होगा, जहां अभी तक सिनेमाघरों की कमी है।

साथ ही उन्होंने उद्योग की गिरावट में अच्छी फिल्मों के बढ़ते अभाव और दर्शकों की कमी को बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से एसोसिएशन के बूते सरकार से मांग की जा रही थी, जिसमें सरकार ने पहल पर घाटे में चल रहे सिनेमा उद्योग को बड़ा सहारा दिया है।

उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में सिनेमाघरों को तोड़कर अब व्यावसायिक कांप्लेक्स व आधुनिक सिनेमाघर बनाने पर 3 वर्ष एसजीएसटी का 100 प्रतिशत और फिर दो वर्ष में जमा होने वाले एसजीएसटी का 75 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। वहीं सिनेमा हाल की आंतरिक संरचना में परिवर्तन कर पुनः संचालित करने या स्क्रीन संख्या बढ़ाने पर तीन वर्ष एसजीएसटी का 75 प्रतिशत और अगले दो वर्ष 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा।

## शिवचौक के क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित कराने की उठाई मांग

### - मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा हिन्दू शक्ति संगठन ने ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)। राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन की जिला इकाई ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में मुजफ्फरनगर के हृदयस्थल शिवचौक के आसपास के 100 मीटर क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित किए जाने की मांग की। प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे 4 सूत्रीय मांग पत्र में करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा, सम्मान और समर्पण को देखते हुए भविष्य में शिवचौक को पवित्र क्षेत्र घोषित कराए जाने की मांग की। राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन की जिला इकाई ने राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा व राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सरिता शर्मा अरोरा ने नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपे ज्ञापन में नगर के हृदय स्थल शिवचौक के आसपास के 100 मीटर क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित किए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे 4 सूत्रीय मांग पत्र में संजय अरोरा ने बताया कि देश के करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा, सम्मान और समर्पण को देखते हुए शिवचौक को पवित्र क्षेत्र घोषित कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि श्रावण मास या फाल्गुन मास में होने वाले शिवरात्रि पर करोड़ों श्रद्धालु इस बीच कांवड़ लाते हुए परिक्रमा करते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से संगठन मंत्री प्रवीण जैन, सोनू माहेश्वरी राजकुमार गर्ग, सुन्दर सैनी, राजीव शर्मा, नवीन त्यागी, प्रमोद वर्मा, अखिलेश शर्मा, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्कूलों में कानूनी और आत्मरक्षा की पढ़ाई पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब




नई दिल्ली, 25 नवंबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और अन्य से स्कूली पाठ्यक्रम में कानूनी शिक्षा और सेल्फ डिफेंस को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर जवाब मांगा। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब मांगा है। चार सप्ताह बाद मामले पर फिर से सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा, "अगर बच्चे को अधिकारों की जानकारी नहीं है, तो उन अधिकारों का कोई मतलब नहीं है।" दिल्ली निवासी गीता रानी द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि संविधान द्वारा गारंटीकृत अपने मौलिक अधिकारों का दावा करने और उनकी रक्षा करने के लिए प्रत्येक नागरिक के लिए बुनियादी कानूनों को समझना आवश्यक है। अधिवक्ता रीपक कंसल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, "इसलिए, शैक्षणिक पाठ्यक्रम में बुनियादी कानूनी शिक्षा को शामिल करना और स्कूल स्तर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे किसी भी अदृश्य दुश्मन के मामले में खुद की रक्षा कर सकें।" इसमें कहा गया है कि "भारत में अपराध 2022" शीर्षक वाली एनसीआरबी रिपोर्ट में 2022 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1.62 लाख मामले दर्ज किए गए हैं, जो 2021 की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। याचिका में तर्क दिया गया है कि कानूनी शिक्षा और आत्मरक्षा शिक्षा अपराध को रोकने और बच्चों को हिंसा से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसमें कहा गया है, "स्कूलों में इन विषयों को अनिवार्य बनाने से उनकी सुरक्षा और कल्याण में काफी वृद्धि हो सकती है।" याचिका में रेखांकित किया गया है कि बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के हस्ताक्षरकर्ता के रूप में, भारत बच्चों को सभी प्रकार की हिंसा और दुर्व्यवहार से बचाने के लिए बाध्य है। याचिका में आगे कहा गया है कि कई घटनाओं में पीड़ित, मुख्य रूप से बच्चे, आत्मरक्षा कौशल की कमी के कारण खुद का बचाव नहीं कर सके।

# रात में ठिठुरन, दिन हो रहा गर्म

## पारा 25.2 /11.0




मुजफ्फरनगर, 25 नवंबर (बु.)। जिले के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहे हैं। हालांकि तापमान में काफी कम फेरबदल हो रहा है। आज न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान 25.2 दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। नगर में मौसम रात में ठंडा और दिन में गर्म बना हुआ है। अब कोहरा भी सुबह के समय ही हल्का नजर आ रहा है। इसके बाद धूप खिलने से दिन में गर्माहट राहत दे रही है। हालांकि धूप अभी बहुत अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं होती। स्काइमेट के अनुसार 1950 के बाद सबसे गर्म अक्टूबर के रूप में रिकॉर्ड किया गया। हालांकि नवंबर में तापमान कम हुआ। अक्टूबर और नवंबर अब तक पूरी तरह शुष्क रहे हैं। नवंबर के बाकी दिनों में भी बारिश की संभावना नहीं है। 29 नवंबर को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पहाड़ों के करीब पहुंचेगा और अगले 4-5 दिनों तक धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में यात्रा करेगा। हालांकि, मौसम गतिविधियाँ केवल पहाड़ियों तक सीमित रहेंगी, खासकर ऊपरी और मध्य क्षेत्रों में। निचले पहाड़ी क्षेत्रों में 30 नवंबर को बहुत हल्की बारिश के आसार हैं। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, जिसमें दिल्ली व एनसीआर भी शामिल है, में कोई मौसम गतिविधि नहीं होगी। हां, 29 और 30 नवंबर को न्यूनतम तापमान मामूली बढ़ सकता है। इस महीने तापमान में भारी गिरावट की संभावना नहीं है। सर्दियों की सामान्य ठंड का इंतजार जारी रहेगा। दूसरी ओर मौसम में बदलाव के कारण बुखार के साथ नजला, खांसी के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। जिला अस्पताल में ओपीडी में रोजाना बुखार, नजला व खांसी के मरीज पहुंच रहे हैं। इस बार बुखार के साथ मरीजों को शरीर में दर्द और पैरों में सूजन के केस भी सामने आ रहे हैं। इनमें कई मरीज ऐसे भी आ रहे हैं कि बुखार ठीक होने के बाद भी दर्द से आसानी से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि बुखार के बाद शरीर में कमजोरी आ जाती है, जिससे शरीर में हल्का दर्द रहता है। इससे चलने फिरने में परेशानी हो सकती है, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। समय पर जांच व उपचार कराने से यह ठीक हो जाता है।

आवश्यकता है

एक चौकीदार और एक ड्राइवर की आवश्यकता है।

उनके निवास का स्थान संस्थान में ही मिलेगा।

सन्मति इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग
बुढ़ाना मोड, निकट डल्लू देवता

सम्पर्क करें:-
M.8630483946

## आचार संहिता हटते ही कई पुलिस अधिकारियों के तबादले

मुजफ्फरनगर, 25 नवंबर (बु.)। आचार संहिता हटते ही एसएसपी अभिषेक सिंह ने आज कई इंस्पेक्टरों के ट्रांसफर कर दिए। जल्द ही और तबादलों का अनुमान लगाया जा रहा है। मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर आचार संहिता के चलते तबादलों पर रोक थी। अब आचार संहित हट चुकी है। ऐसे में एसएसपी ने आज जारी आदेशों के अनुसार इंस्पेक्टर जयसिंह भाटी को विशेष जांच प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया, इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह को साइबर थाना भेजा गया, इंस्पेक्टर जयकिशोर को चरथावल थाने का अपराध निरीक्षक प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा इंस्पेक्टर संजय गिरी को अपराध शाखा भेजा गया, इंस्पेक्टर रणधीर सिंह को साइबर थाने भेजा गया। बताया जा रहा है कि जल्द ही जिले में कई थाना प्रभारियों और कई चौकी प्रभारियों के भी तबादले हो सकते हैं।

## बिना सूचना सर्वे के आरोपों को लेकर डीएम बोले: मिथ्या बोल रहे मस्जिद सदर



संभल, 25 नवंबर (एजेंसी)। जामा मस्जिद के सदर जफर अली द्वारा लगाए गए सर्वे की सूचना नहीं दिए जाने के आरोप पर डीएम ने कहा कि न्यायालय के आदेश से लेकर एडवोकेट कमिश्नर के पत्र की प्रतियां पढ़कर सुनाई और दिखाई, जिसमें समय को लेकर सुबह सात बजे से 11 बजे के बीच सर्वे को लेकर सूचना दी गई थी। मस्जिद के अंदर प्रवेश को लेकर भी सहमति ली गई और उनकी सहमति से निर्धारित संख्या में टीम अंदर गई। सदर द्वारा लगाए गए एक आरोप में दावा किया गए कि डीआईजी, डीएम और एसपी ने गोली चलवाने के आदेश देते हुए उन्होंने सुना था। इस पर एसपी ने जवाब दिया कि तीनों अधिकारी एक साथ मौजूद नहीं थे, जिस समय उपद्रव हुआ उस समय डीआईजी नहीं पहुंचे, जबकि डीएम अंदर सर्वे करा रहे थे और एसपी स्वयं उपद्रवियों का सामना कर रहे थे। पुलिस फायरिंग के आरोप में एसपी ने बताया पुलिस ने फायरिंग नहीं की। रबर गन का प्रयोग किया गया, जबकि सदर को हेलमेट देकर उपद्रवियों को समझाने भेजा था, लेकिन वे उनकी बात नहीं माने थे। सदर ने बोला कि जनता ने पत्थर नहीं चलाया, आरोप लगाया कि पुलिस ने गाड़ी तोड़ी थी, पुलिस स्वयं अपने वाहनों को क्यों तोड़ेगी? डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा, "जामा मस्जिद के बाकी के सर्वे की कार्यवाई के लिए 24 नवंबर की तारीख निर्धारित की गई थी।" उन्होंने कहा, "जफर अली को 23 नवंबर को सर्वे की कॉपी रिसीव करवाई गई, जिसमें उनसे 24 नवंबर को सुबह में सर्वे करवाने की बात की गई थी।" डीएम ने बताया कि कोर्ट का आदेश 2 बजकर 38 मिनट पर का है और हम 5 बजे तक जामा मस्जिद की तरफ प्रस्थान कर चुके थे। संभल डीएम राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि जफर अली के अनुसार एक साथ 900 लोग मस्जिद में घुस गए। इस दौरान सर्वे में अवरोध पैदा किया जा रहा था। उन्होंने कहा,"जफर अली के बयान में अंतर्विरोध है। उन्होंने वजू टैंक के पानी को खाली करवाकर फोटोग्राफी करने की बात बताई, जबकि हर शुक्रवार को वजू टैंक से पानी खाली करवाया जाता है।" प्रेस कॉन्फ्रेंस में संभल डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि जफर अली को न तो हिरासत में लिया गया है और न ही गिरफ्तार किया गया है। जफर अली को फोन करके सिर्फ बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।

## कवाल से दो माह से लापता युवक का सुराग नहीं

जानसठ, 25 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव कवाल निवासी महेंद्र सिंह सैनी का 42 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार नौ सितंबर को घर से अचानक लापता हो गया था। वह घर से किसी काम से गया था और शाम तक वापस नहीं लौटा था। थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। स्वजन ने उसको काफी जगह तलाश किया, लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका है। स्वजन का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कराए दो माह बीत गए हैं, लेकिन पुलिस संजीव कुमार का पता नहीं लगा सकी है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र भूपेन्द्र प्रताप व पुत्रवधु श्रीमती मीनू सिंह को गुस्से में आकर मैने और मेरे परिवार ने अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था और इस सम्बन्ध में दिनांक 21.08.2023 को मुजफ्फरनगर बुलेटिन दैनिक समाचार पत्र में इसकी सूचना प्रकाशित करा दी थी। अब मेरा व मेरे परिवार का भूपेंद्र प्रताप व मीनू सिंह के साथ आपसी समझौता हो गया है अब कोई मन मुटाव हमारे बीच नहीं रहा है इसलिये मेरे द्वारा दिनांक 21.08.2023 में जो सूचना उपरोक्त समाचार पत्र में भूपेंद्र प्रताप व मीनू सिंह की बेदखली के सम्बन्ध में प्रकाशित करायी थी, उसे मैं, कुलदीप सिंह वापस लेता हूँ तथा उसका खण्डन करता हूँ। अब मैं व मेरा परिवार तथा भूपेन्द्र प्रताप तथा मीनू सिंह आपस में प्यार मोहब्बत से रहेंगे तथा किसी को कोई शिकायत का मौका नही देंगे।

कुलदीप सिंह पुत्र श्री शिवचरण सिंह
निवासी- म0 नं0 615, लद्धावाला, मिमलाना रोड, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर

रस्म पगड़ी



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी प्रिय
श्रीमती प्रीति अरोरा (बेबी) (पत्नी श्री यश अरोरा जी)
का आकस्मिक निधन दिनांक 17 नवम्बर 2024, दिन रविवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

श्रद्धांजली सभा एवं रस्म पगड़ी

दिनांक 27 नवम्बर 2024, दिन-बुधवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक
गेट न02, बारात घर पचेण्डा रोड, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
पर होनी निश्चित हुई है।

शोकाकुल परिवार

डा० अशोक कुमार अरोरा - सुरेन्द्र कौर अरोरा (जेठ- जेठानी)
सचित- नीशू अरोरा (पुत्र-पुत्रवधु)
मोहित (पुत्र)
प्रिया- विजय (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त किंगर परिवार, अरोरा परिवार

निवास स्थान :- 594, चुंगी नं. 2 लद्धावाला, मुजफ्फरनगर
M.9259023290, 9897012810, 8630398387

## खली ने साधु को एक हाथ से चोटी पकड़कर उठाया

### - झांसी में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में धीरेंद्र शास्त्री के ऊपर बरसाए पुष्प



झांसी, 25 नवंबर (एजेंसी)। बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा ने सोमवार सुबह मध्य प्रदेश से झांसी में प्रवेश किया। देवरी गांव पहुंचने पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जेसीबी संग पहुंच गए। जेसीबी से पुष्प बरसाकर उनका स्वागत किया गया। पदयात्रा में भजन-कीर्तन करते हजारों श्रद्धालु शामिल थे। इस मौके पर पहुंचे मुक्केबाज खली ने एक हाथ से चोटी पकड़कर साधु को उठाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। यहां पहुंचे संजय दत्त ने धीरेंद्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताया। पं.धीरेंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं के बीच कहा कि पदयात्रा को लेकर धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने इन धमकियों को प्रायोजित करार दिया। कहा, जो लोग देश में वैमनस्यता फैलाना चाहते हैं, वह ऐसा कर रहे है। अगर ऐसी लोगों की बातों में उलझ जाएंगे तब अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकेंगे। आगे कहा कि यात्रा को देखते हुए जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अफसर भी निगरानी कर रहे हैं। मऊरानीपुर- खजुराहो हाईवे पर भारी वाहनों के प्रवेश को भी प्रतिबंधित किया गया था, इस वजह से वाहन चालकों को करीब पांच किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काट कर जाना पड़ रहा है।

## चाकू से गोदकर हत्या के सम्बंध में उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

खतौली, 25 नवम्बर (बु.)। जैन समाज के युवा प्रियांशु जैन की अहमदाबाद में चाकू से गोदकर की गयी जघन्य हत्या के सम्बंध में जैन एकता क्रान्तिकारी मंच युवा मोर्चा ने उप जिलाधिकारी को दिये गए ज्ञापन में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व दोषी को फांसी की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित उपजिलाधिकारी को जैन एकता क्रान्तिकारी मंच युवा मोर्चा द्वारा दिये गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि गुजरात प्रदेश के अहमदाबाद में बाइक व कार के बीच हुई भिड़ंत के उपरान्त हुए विवाद में बाइक सवार छात्र प्रियांशु जैन पुत्र पंकज जैन निवासी मेरठ की चाकू से गोदकर की गयी निर्मम हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए घटना का शीघ्र खुलासा किये जाने व दोषियों को फांसी दिये जाने तथा पीड़ित परिवार को शासन स्तर से पांच करोड़ रुपये मुआवजा दिये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान संस्था के अध्यक्ष मुकुल जैन, ऋषभ जैन, विकास जैन, पारस जैन आदि सहित जैन समाज के युवा मौजूद थे।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में बाधक बनी याचिका हुई वापस; कभी भी हो सकती घोषणा




लखनऊ, 25 नवंबर (एजेंसी)। अयोध्या के मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव में बाधक बनी चुनाव याचिका वापस लेने की अर्जी को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंजूरी दे दी है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में अयोध्या के मिल्कीपुर सीट से सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने भाजपा के गोरखनाथ को 13 हजार वोटों से हराया था। भाजपा प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी के चुनाव नामांकन पत्र में खामियों को आधार बनाकर उनके निर्वाचन को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिका लंबित होने से चुनाव आयोग ने उपचुनावों की घोषणा में मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की थी। मिल्कीपुर में उपचुनाव की घोषणा न होने पर भाजपा प्रत्याशी ने उच्च न्यायालय में अपनी याचिका की वापसी की अर्जी दी थी। अदालत ने 17 अक्तूबर 2024 को पिछली सुनवाई के दौरान याची को मामले से संबंधित गैजेट प्रकाशित करने का आदेश दिया था। गैजेट प्रकाशित होने की सूचना देने के बाद अदालत ने याचिका वापसी के प्रार्थनापत्र को मंजूरी दे दी। भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ ने सपा प्रत्याशी के नामांकन पत्र में दाखिल हलफनामे पर सवाल उठाते हुए 22 अप्रैल 2022 को अदालत में मामला दाखिल किया था। याचिका में कहा गया कि सपा प्रत्याशी के नामांकन पत्र के हलफनामा पर जिस अधिवक्ता ने नोटरी की थी उन्हें नोटरी करने का अधिकार नहीं था। मामला लंबित होने के कारण हाल ही में हुए उपचुनाव में मिल्कीपुर सीट पर चुनाव की घोषणा नहीं की गई थी।

## रामपुर तिराहाकांड : अब 4 दिसम्बर को होगी सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)। रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में कोर्ट में अधिवक्ताओं की हडताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 04 दिसम्बर की तिथि नियत की है। एक अक्टूबर, 1994 को पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों का पुलिस से रामपुर तिराहे पर टकराव हो गया था। पुलिस ने आंदोलनकारियों पर फायरिंग कर दी थी, जिसमे सात आंदोलनकारियों की मौत हो गयी थी। वहीं महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के आरोप लगे थे। इस संबंध में सीबीआई के द्वारा मुकदमा दर्ज कराए गए थे। सोमवार को सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन अधिवक्ताओं की हडताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मामले में सुनवाई के लिए 4 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी है।

## इस्कॉन के चिन्मय प्रभु ढाका एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए गए




ढाका, 25 नवंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करने पर इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु पर कार्रवाई की गई है। बांग्लादेश मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को ढाका एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में लिया है। वह सोमवार को ढाका से चटगांव जाने के लिए हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। उनसे पूछताछ की जा रही है। चिन्मय प्रभु ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों के विरोध में कई रैलियां की हैं। इन रैलियों में उन्होंने लगातार अंतरिम सरकार के खिलाफ हमला बोला है। चिन्मय प्रभु बांग्लादेश में सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता के रूप में भी काम कर रहे हैं। 30 अक्तूबर को बांग्लादेश में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में देशद्रोह अधिनियम के तहत चिन्मय कृष्ण दास प्रभु समेत 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। आरोप है कि पांच अगस्त को हुए जनांदोलन के बाद छात्रों ने न्यू मार्केट चौराहे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। 25 अक्टूबर को लालदिग्गी रैली के दिन सांप्रदायिक धार्मिक समूह इस्कॉन का गेरूआ रंग का धार्मिक झंडा फहराया गया। यह राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर लगा दिया गया।

## डीआईजी कार्यालय पहुंची मुजफ्फरनगर की महिला

### - देवरानी पर गोल्ड माफियाओं से सम्पर्क का लगाया आरोप



मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर के थाना छपार के गांव खोजानंगला की रहने वाली अदीबा डीआईजी अजय साहनी के कार्यालय सहारनपुर पहुंची और प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि उसका पति व देवर दो भाई हैं। देवर करीब तीन साल से सऊदी अरब में रहकर ड्राइवरी करता था। एक महीने पहले उसका देवर घर आया हुआ था। महिला का आरोप है कि देवर की पत्नी करीब एक साल से अपने भाई के घर सहारनपुर रह रही है। आरोप है कि देवरानी व उसका भाई राजस्थान के गोल्ड माफियाओं के साथ मिलकर सोने की तस्करी करते हैं। परिवार को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने रोकने का प्रयास किया, मगर रातोरात अमीर होने के चलते उसने इस धंधे को नहीं छोड़ा। इस कारण देवर व देवरानी में मनमुटाव हो गया और तीन माह पहले देवरानी मायके चली गयी। दस दिन पूर्व 15 नवम्बर की रात को आरोप है कि कुछ लोग गाड़ियों से आये और उनके घरों में घुस गये और महिला व बच्चों के साथ मारपीट की। आरोप यह भी है कि इन लोगों ने दरवाजा खुलवाते समय अपने आपको एसओजी व क्राइम ब्रांच टीम का बताया और उनके साथ एक दरोगा भी आया हुआ था। आरोप है कि मारपीट के बाद जब महिलाओं ने इसकी सूचना छपार पुलिस को दी तो पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी और रिपोर्ट भी दर्ज करने से इंकार कर दिया। मजबूर होकर अब महिला प्रार्थना-पत्र लेकर सहारनपुर डीआईजी अजय साहनी से गुहार लगाने पहुंची है।

# बाजार खुलते औंधे मुंह गिरा सोना, 1089 रुपए की गिरावट

- सोना रुपए 77,081 व चांदी बिकी 89,445 रुपए प्रति किग्रा
- शेयर मार्केट में खुशी के साथ गिरे चांदी के भी भाव
- इस साल सोने में अब तक 13,346 रुपए से ज्यादा की तेजी



**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)।** सोमवार को शेयर मार्केट से जहां एक ओर खुशी की खबर आई तो वहीं सोने और चांदी ने निराश कर दिया। बाजार खुलते ही इन दोनों धातुओं की कीमत में बड़ी गिरावट आ गई। यही नहीं, कुछ देर में सोना और चांदी में गिरावट एक हजार रुपये से अधिक हो गई। सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट का कारण मुनाफा वसूली को माना जा रहा है। इससे पहले पिछ्ले हफ्ते सोने की कीमत में तेजी से बढ़ोतरी हुई थी। पिछ्ले एक हफ्ते में सोने की कीमतों में 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ोतरी हुई थी। वहीं इसी अवधि में चांदी की कीमत में 1,200 रुपये प्रति किग्रा का उछाल आया था। सोमवार सुबह एमसीएक्स पर सोने का भाव 616 रुपये की गिरावट के साथ खुला। बाद में इसमें और गिरावट आती गई। कुछ देर में सोने की कीमत में 1,089 रुपये की गिरावट आ गई। इस गिरावट के साथ सोने का भाव प्रति 10 ग्राम 76,527 रुपये पर आ गया। हालांकि उक्त कीमत में उतार चढ़ाव जारी था।

सोमवार को सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में आई गिरावट के बीच जहां एक ओर 24 कैरेट सोना 706 रुपए घटकर 77,081 रुपए आ गया। हालांकि, आज दिन में सोने की कीमत 76,698 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी के भाव 89,445 रुपए प्रति किग्रा तक हो गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसो. के अनुसार, 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत आज 76,698 रुपये प्रति 10 ग्राम और 999 शुद्धता वाली चांदी की इस बीच कीमत 89,088 रुपये प्रति किग्रा है। बीते शुक्रवार को सोने की कीमत 77,787 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, लेकिन सोमवार को यह गिरकर 76,698 रुपये हो गई है। ऐसे में सोना और चांदी दोनों के दाम कम हुए हैं। सर्राफा बाजार की वेबसाइट के अनुसार, 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 76,391 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट, 916 प्योरिटी के साथ सोने का भाव 70,255 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं 18 कैरेट सोने की कीमत 57,524 रुपये प्रति 10 ग्राम है। जबकि 14 कैरेट, 585 प्योरिटी के साथ सोने की कीमत 44,868 रुपये प्रति 10 ग्राम है। सोमवार में 18 कैरेट सोने के रेट में 8,200 रुपये की गिरावट आई है, जिससे इसकी कीमत 5,90,300 रुपये प्रति 100 ग्राम हो गई है। 22 कैरेट सोने में 1000 रुपये की गिरावट आई है और 100 ग्राम सोने की कीमत 7,21,500 रुपये हो गई है। 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,090 रुपये की गिरावट आई है, अब 10 ग्राम सोने की कीमत 78,700 रुपये हो गई है। उधर, चांदी की कीमतों में भी सोमवार को गिरावट आई है। सर्राफा बाजार में 10 ग्राम चांदी का भाव 5 रुपये सस्ता होकर 915 रुपये हो गया है। 100 ग्राम चांदी 50 रुपये घटकर 9,150 रुपये हो गई है। वहीं एक किलोग्राम चांदी 500 रुपये सस्ती होकर 91,500 रुपये पर पहुंच गई है। सर्राफा बाजार में सोमवार को आई इस गिरावट से अफरा-तफरी देखने को मिल रही है।

**विभिन्न राज्यों में सोने की कीमतें**
पटनाः 22 कैरेट सोना 1 ग्राम का रेट 7,205 रुपये, जयपुरः 22 कैरेट सोना 1 ग्राम का रेट 7,215 रुपये, दिल्लीः 22 कैरेट सोना 1 ग्राम का रेट 7,215 रुपये, बेंगलुरूः 22 कैरेट सोना 1 ग्राम का रेट 7,200 रुपये, मुंबईः 22 कैरेट सोना 1 ग्राम का रेट 7,200 रुपये।

**भारत में प्रतिदिन सोने के भाव (15 दिन)**

| तिथि | 24 कैरेट | 22 कैरेट |
|---|---|---|
| 25 नवंबर 2024 | रुपए 77,081 | रुपए 76,698 |
| 24 नवंबर 2024 | रुपए 77,790 | रुपए 71,250 |
| 23 नवंबर 2024 | रुपए 77,790 | रुपए 71,250 |
| 22 नवंबर 2024 | रुपए 77,790 | रुपए 71,250 |
| 21 नवंबर 2024 | रुपए 76,930 | रुपए 70,470 |
| 20 नवंबर 2024 | रुपए 75,870 | रुपए 69,500 |
| 19 नवंबर 2024 | रुपए 75,870 | रुपए 69,500 |
| 18 नवंबर 2024 | रुपए 74,810 | रुपए 68,520 |
| 17 नवंबर 2024 | रुपए 73,740 | रुपए 67,540 |
| 16 नवंबर 2024 | रुपए 73,740 | रुपए 67,540 |
| 15 नवंबर 2024 | रुपए 73,740 | रुपए 67,540 |
| 14 नवंबर 2024 | रुपए 73,740 | रुपए 67,540 |
| 13 नवंबर 2024 | रुपए 75,260 | रुपए 68,940 |
| 12 नवंबर 2024 | रुपए 74,900 | रुपए 68,610 |
| 11 नवंबर 2024 | रुपए 76,840 | रुपए 70,380 |
| 10 नवंबर 2024 | रुपए 77,380 | रुपए 70,880 |



## एक्यूआई 260, नहीं सुधर रही मुजफ्फरनगर की हवा

**मुजफ्फरनगर, 25 नवंबर (बु.)।** नगर में प्रदूषण की स्थिति काबू में नहीं है। आज भी हवा में प्रदूषण की स्थिति खराब बनी हुई है। आज एक्यूआई 260 रिकॉर्ड किया गया जो खराब श्रेणी में था। प्रदूषण को लेकर हालात काबू में नहीं आ रहे हैं। विगत दिनों यूपी टॉप करने के बाद एक्यूआई में मामूली सुधार तो हुआ है, लेकिन अभी स्थिति काबू से बाहर है। प्रदूषण की स्थिति अभी भी खराब श्रेणी में बनी हुई है। नोएडा और मेरठ में भी प्रदूषण की स्थिति लगभग इसी स्तर पर बनी हुई है। पीएम 2.5 और पीएम 10 की स्थिति लगातार खराब होने से हवा में उड़ रहे धूल कण सांसों के जरिए फेफड़ों में जा रहे हैं।

## स्कूल खुले तो लौट आई रौनक

**मुजफ्फरनगर, 25 नवंबर (बु.)।** प्रदूषण की चलते जिले में बंद की गई कक्षाओं का संचालन आज से फिर शुरू हो गया। आज बच्चे स्कूलों में पहुंचे तो वहां रौनक लौट आई। प्रशासन ने ग्रेप-4 को लेकर नए आदेशों के बाद आज से स्कूल कॉलेज खोल दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिले में बारहवीं तक के स्कूल कॉलेजों में अवकाश चल रहा था। शनिवार को प्रतिबंधों कें बदलाव के बाद डीएम ने इस बाबत आदेश जारी किए थे। इसके चलते आज स्कूलों में सामान्य तरीके से शिक्षण कार्य हुआ।

## दिल्ली में फिर शुरू हुई बुजुर्गों की पेंशन; अब हर महीने मिलेंगे इतने रुपये

**नई दिल्ली, 25 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने चुनाव से पहले हजारों बुजुर्गों को बड़ा तोहफा दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लाखों बुजुर्गों को पेंशन मिलेगी। आज दिल्ली सरकार की और से दिल्ली में 80,000 वृद्धा पेंशन खोली जा रही है। दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन हमने फिर से शुरू करा दी है। अब सब रूके हुए काम फिर से शुरू कराएंगे। एक्स पर पोस्ट करते हुए आम आदमी पार्टी ने लिखा कि बुजुर्गों को उनके बेटे अरविंद केजरीवाल ने तोहफा दिया है। अब दिल्ली के पांच लाख 30 हजार से ज्यादा बुजुर्गों को 2500 रुपये तक की पेंशन मिलेगी।

## फोन टैपिंग केस में पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा गिरफ्तार, कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**जयपुर, 25 नवंबर (एजेंसी)।** राजस्थान फोन टैपिंग प्रकरण में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा को गिरफ्तार किया। भाजपा नेता गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत पर फोन टैपिंग का मामला दर्ज हुआ था। लोकेश शर्मा पर फोन टैपिंग की सीडी मीडिया में वितरित करने का आरोप हैं। हाई कोर्ट द्वारा गिरफ्तारी पर लगी रोक हटने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था। गिरफ्तार होने के बाद थाने से ही उन्हें जमानत मिल गई। कुछ ही घंटों बाद लोकेश शर्मा को अदालत ने अग्रिम जमानत दे दी। मामले की जांच जारी है। ये मामला सचिन पायलट खेमे की बगावत के समय जुलाई 2020 का है। मार्च 2021 में गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली क्राइम ब्रांच में एफआईआर (नं. 50/2021) दर्ज करवाई थी। गहलोत सरकार पर बीजेपी ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके फोन अवैध रूप से टैप किए गए, जिसमें भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, आईटी अधिनियम और आईपीसी की धाराओं का उल्लंघन किया गया।

## संविधान से नहीं हटेंगे 'समाजवादी' व पंथनिरपेक्ष' शब्द, सुप्रीम कोर्ट का फैसला?

**नई दिल्ली, 25 नवंबर (एजेंसी)।** देश की सर्वोच्च अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं। 42वें संविधान संशोधन के अनुसार प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को शामिल करने को चुनौती दी गई थी। इन याचिकाओं को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सोमवार को खारिज कर दिया। इससे पहले सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंथनिरपेक्षता पर अहम टिप्पणी की थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि पंथनिरपेक्षता को हमेशा संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा माना जाता रहा है।

## छात्र संघ चुनाव के नतीजे घोषित

**नई दिल्ली, 25 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए मतगणना संपन्न हो चुके हैं। इस बार अध्यक्ष पद और संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई ने बाजी मारी है। वहीं एबीवीपी के हिस्से उपाध्यक्ष और सचिव पद आया। इनकी हुई जीत-अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के रौनक खत्री, उपाध्यक्ष पद पर ABVP के भानू प्रताप, सचिव पद पर एबीवीपी के मृत्रवृंदा, संयुक्त सचिव पद पर NSUI लोकेश जीते, मतगणना की निगरानी के लिए 14 सीसीटीवी कैमरे और 8 वीडियो कैमरे लगाए गए। डूसू चुनाव के लिए 27 सितंबर को मतदान हुआ था, जिसमें 145,893 मतदाताओं में से 51,300 छात्रों ने अपने मत का प्रयोग किया था। कॉलेजों में प्रतिनिधियों के परिणाम रविवार को घोषित किए गए।

**शेष - होटल में दुल्हन पर ...**

है। सीओ खतौली रामाशीष यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए उक्त मामले की पूरी जानकारी दी और कहा कि युवक से पूछताछ की जा रही है कि उसने इस घटना को क्यों अंजाम दिया। दुल्हन पक्ष के लोगों को तहरीर देने की बात कही है, उसके बाद ही कोई कार्यवाही की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस तहरीर आने का इंतजार कर रही थी। पुलिस का कहना था कि तहरीर आते ही तुरन्त कार्यवाही की जाएगी।

## सम्भल जामा मस्जिद का सर्वे आदेश पारित करने वाले सिविल जज आदित्य सिंह मुजफ्फरनगर के ही निवासी



**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)।** मिली जानकारी के अनुसार 19 नवम्बर, दिन मंगलवार को चंदौसी स्थानीय अदालत ने सर्वे का आदेश जारी किया था। यह आदेश उस याचिका को सुनने के बाद दिया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि 1526 में मस्जिद बनाने के लिए एक हिन्दू मंदिर को ध्वस्त किया गया था। उक्त आदेश सम्भल के चंदौसी में तैनात सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में पारित किया गया था।

आपको बता दें कि सम्भल के चंदौसी में तैनात सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह मूल रूप से हमारे ही जनपद मुजफ्फररनगर के यूपी और उत्तराखंड बॉर्डर से सटे गोधना गांव के निवासी हैं। यह लक्सर से सटा पुरकाजी खादर क्षेत्र का गांव बताया जाता है। जून 2018 में आदित्य सिंह पुत्र राजसिंह का प्रदेश की जूडिशियल सर्विसेज में चयन हुआ था। बीते वर्ष 18 नवम्बर 2023 को ही आदित्य सिंह मजिस्ट्रेट सिविल जज सीनियर डिवीजन के पद पर प्रोन्नत हुए। 2018 में न्यायिक सेवा में चयन होने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग जूडिशियल मजिस्ट्रेट सहारनपुर के रूप में हुई। 29 जनवरी 2019 को आदित्य सिंह सिविल जज जूनियर डिवीजन सहारनपुर बने और अप्रैल 2019 में जूडिशियल मजिस्ट्रेट बनाए गए। सहारनपुर में तैनाती के दौरान आदित्य सिंह सहारनपुर जनपद के देवबंद के भी एडिशनल सिविल जज रहे। इसके बाद जुलाई-2022 में आदित्य सिंह का तबादला बिजनौर की चांदपुर सिविल जज जूनियर डिवीजन में कर दिया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन में प्रमोशन हुआ तो 21 नवम्बर-2023 से अब तक आदित्य सिंह सम्भल के चंदौसी के सिविल जज के रूप में पदासीन हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में रन के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत

**पर्थ, 25 नवंबर (एजेंसी)।** भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में कंगारू टीम 238 रन पर सिमट गई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी भारत ने छह विकेट पर 487 रन बनाकर घोषित कर दी थी और कुछ बढ़त 533 रन की हासिल की थी। ध्यान देने वाली बात यह है कि टीम इंडिया में न तो रोहित शर्मा थे, न ही शुभमन गिल, न ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन और न ही मोहम्मद शमी थे। इसके बावजूद टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे। पांचवें में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच पर्थ के वाका स्टेडियम में खेले जाते थे।

## 28 नवम्बर को 12 से 6 बजे तक रेलवे ट्रैक रहेगा बंद

- कुछ गाड़ियां रहेंगी रद्द, कुछ को शामली के रास्ते निकाला जाएगा
- सकौती में लाइन पर काम के चलते आज से चार दिन तक रहेगा ब्लॉक




**मुजफ्फरनगर, 25 नवंबर (बु.)।** रेल का सफर करना है तो अगले चार दिन स्थिति को जानने के बाद ही ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचें। सकौती रेलवे स्टेशन पर पटरियों को लेकर काम के चलते दिल्ली-अंबाला सेक्शन पर आज से मेगा ब्लॉक के चलते रेल गाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ है। हालांकि आज पहले दिन इसका बहुत असर नहीं रहा। आने वाले तीन दिनों तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा। यूं तो रेलवे ट्रैक पर 25 नवम्बर से कार्य शुरू हो गया है, मगर 28 नवम्बर को दोपहर 12 से सायं 6 बजे तक रेल संचालन मुजफ्फरनगर ट्रैक पर पूरी तरह से बंद रहेगा। दस रेलगाड़ियों का संचालन इससे प्रभावित हो रहा है। इस दौरान अंबाला इंटरसिटी, सुपर समेत कई ट्रेनें रद्द रहेंगी तथा कुछ को वाया शामली निकाला जाएगा।

रेलवे सूत्रों के अनुसार उत्तर रेलवे के दिल्ली अंबाला खंड पर 25 से 28 नवंबर के बीच सकौती टांडा रेलवे स्टेशन के यार्ड में काम के कारण मेगा ब्लाक के चलते दस से अधिक ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। चार दिनों तक रेल समय पर नहीं चलने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। 28 नवम्बर को दोपहर 12 से सायं 6 बजे तक रेल संचालन मुजफ्फरनगर ट्रैक पर पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान दौराला से लेकर खतौली तक विद्युत आपूर्ति भी समय-समय पर बंद रखी जाएगी। आज दोपहर में करीब डेढ़ घंटे का ब्लाक रहा, इस कारण दिल्ली-कालका पैसेंजर प्रभावित रही। करीब डेढ़ घंटे बाद उसे चला गया। इस क्रम में 26 नवंबर को 14304 दिल्ली-हरिद्वार पैसेंजर, 14332 दिल्ली-कालका पैसेंजर को टपरी से वाया शामली होकर चलाया जाएगा। पुरी से ऋषिकेश जाने वाली ट्रेन संख्या 18477 करीब डेढ़ घंटे तक विलंब से चलेगी। 27 को ट्रेन संख्या 12903 गोल्डन टेंपल गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर होकर नहीं जाएगी। ट्रेन संख्या 14681 जालंधर इंटर सिटी सुपर भी करीब 90 मिनट प्रभावित होगी। ट्रेन 14310 और 14309 उज्जैनी ऋषिकेश एक्सप्रेस अप और डाउन में प्रभावित होगी। दिल्ली से सहारनपुर के बीच चलने वाली ट्रेन 20411 भी सुबह के समय डेढ़ घंटे प्रभावित होगी।

27 नवंबर को ट्रेन संख्या 12903 गोल्डन टेंपल मेल गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर होकर नहीं जाएगी। इस ट्रेन को निजामुद्दीन जंक्शन से वाया शाहदरा, शामली, टपरी से निकाला जाएगा। 28 नवंबर को ट्रेन संख्या 14522-14521 दिल्ली-अंबाला इंटरसिटी अप और डाउन में रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 04460 और 04459 दिल्ली-सहारनपुर मेमू एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी। जालंधर इंटरसिटी सुपर भी नहीं चलेगी। ट्रेनों को संचालन प्रभावित होने और रद्द होने के कारण यात्रियों को चार दिन परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## धर्म-गुरूओं से बात, ड्रोन से छतों पर पत्थरों की निगरानी





**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)।** यूपी के सम्भल में रविवार सुबह हुई बड़ी हिंसा के बाद पूरा उत्तर प्रदेश अलर्ट मोड़ पर है। इसी के चलते रविवार व सोमवार दोनों दिन पुलिस पूरी चुस्त-दुरूस्त दिखाई दी और विभिन्न स्थानों पर फ्लैगमार्च के बाद सोमवार को जनपद का माहौल सौहार्द्रपूर्ण रखने के उद्देश्य से मुस्लिम धर्मगुरूओं से वार्ता की गयी। वार्ता के दौरान किस तरह से जनपद का माहौल पहले की तरह सौहार्द्रपूर्ण ही रहे, इस पर चर्चा की गयी और धर्मगुरूओं को समझाया गया कि सम्भल में चाहे जो कुछ भी हुआ हो, मगर अपने जनपद की खुशहाली के लिए सदैव माहौल को सौहार्द्रपूर्ण रखने की पहल दोनों ओर से हमेशा जारी रहनी चाहिए। किसी भी तरह की कोई आपत्तिजनक टिप्पणी एक दूसरे के धर्म, जाति पर न की जाए। इस दौरान सोशल मीडिया पर साम्प्रदायिक बकवासबाजी करने वालों पर भी निगाह रखने की बात कही गयी। पुलिस ने आज दूसरे दिन अपना ड्रोन उड़ाते हुए संवेदनशील इलाकों में घरों पर इस नजरिए से चैकिंग कराई गयी कि कहीं किसी छत पर भारी मात्रा में पत्थर तो जमा नहीं हैं, क्योंकि पिछ्ले कुछ महीनों में उत्तर प्रदेश में हो रहे उपद्रवों में सर्वाधिक ईंट-पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में पत्थरबाजों को किस तरह से कंट्रोल किया जाए, इस पर भी प्रशासन की निगाहें सोमवार को टिकी दिखाई दी। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि शहरी क्षेत्र में फ्लैगमार्च कराकर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, यदि कोई भी व्यक्ति कोई भड़काऊ पोस्ट या आपत्तिजनक कमेंट करता है तो उसकी तुरन्त गिरफ्तारी की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत



**खतौली, 25 नवम्बर (बु.)।** बीती देर रात हाइवे स्थित होटल से वापस लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गांव गंगदाहड़ी निवासी सोनू हाइवे स्थित एक होटल पर कार्य करता था। बताया जाता है कि देर रात्रि सोनू होटल से वापस खातौली पैदल आ रहा था। सोनू जैसे ही गांव तिगाई क्षेत्र में पहुंचा तो इसी दौरान एक तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने सोनू को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर चोटें लगने से युवक सोनू की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शिवचौक समेत कई जगह जाम से लोग रहे बेहाल



**मुजफ्फरनगर।** नगर में जाम की स्थिति काबू नहीं आ पा रही है। आज सोमवार के चलते फिर शहर में कई स्थानों पर जाम के हालात नजर आए। शिवचौक पर जाम के चलते घंटों स्थिति खराब रही। पुलिस ने मुश्किल से हालात को काबू में किया। नगर में जाम की समस्या लगातार जारी है। रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को स्कूल कॉलेज और कार्यालय खुले तो फिर से सड़कों पर वाहनों और ई रिक्शा की रेलमपेल दिखाई दी। इसके चलते तमाम हिस्सों में जाम रहा। शिवचौक पर लोग काफी समय तक जाम में फंसे रहे। मेरठ रोड और रुडकी रोड पर भी स्थिति भयावह बनी रही।

## अखिलेश यादव के साथ स्पीकर से मिले संभल सांसद

**नई दिल्ली, 25 नवम्बर (एजेंसी)।** संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान ने कहा कि उन्होंने अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोकसभा स्पीकर मुलाकात की और मांग की है कि मेरे खिलाफ झूठा मुकदमा लिखा गया है और जो फर्जी मुकदमे लिखे गए हैं मासूम लोगों की हत्या की गई उसका संज्ञान लिया जाए। आरोपी अधिकारियों को जेल भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि घटना के समय वे बेंगलुरू में थे। वे वहां थे ही नहीं, फिर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## देवेन्द्र फडनवीस को मिलेगा महाराष्ट्र का ताज?



**मुंबई, 25 नवंबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत के बाद सीएम पद को लेकर संशय की स्थिति अभी भी बनी है। तस्वीर जब तक स्पष्ट नहीं हो जाती कयासों का बजार गर्म है। आरएसएस ने भाजपा के देवेन्द्र फड़नवीस का समर्थन किया है। दरअसल फड़नवीस को महाराष्ट्र चुनाव में महायुति प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। इस बार फड़नवीस ने महायुति-एनडीए सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए दो-तिहाई बहुमत हासिल करने और विपक्षी महा विकास अघाड़ी-इंडिया ब्लॉक को ध्वस्त करने के लिए महाराष्ट्र में पहले कभी नहीं देखी गई जीत की पटकथा लिखी। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल मंगलवार यानी 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इससे पहले सरकार गठन को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पाई है। इस बीच कई शिवसेना नेताओं उदय सामंत, दादा भुसे, दीपक केसरकर और डॉ नीलम गोरे ने फड़नवीस से मुलाकात की। सहयोगी दल एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना महाराष्ट्र में भी 'बिहार पैटर्न' का पालन करने के लिए कह रही है। ऐसे में एनसीपी को भी अजित पवार के सीएम बनने की उम्मीद है, जाग उठी है।

## 21 दिन चली अधिवक्ताओं की हड़ताल हुई समाप्त

**मुजफ्फरनगर, 25 नवम्बर (बु.)।** केंद्रीय संघर्ष समिति, मेरठ के आह्वान पर बीते दिनों जनपद एवं सत्र न्यायाधीश गाजियाबाद द्वारा न्यायिक गरिमा एवं श्रेष्ठता का हनन करते हुए गाजियाबाद अधिवक्ताओं पर किए बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के विरोध स्वरूप सोमवार को भी 21वे दिन कचहरी में आन्दोलन जारी रहा। हालांकि देर सायं शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर हड़ताल को वापस ले लिया गया। इस बीच पूर्णतः चैंबर बंद करते हुए अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ हुए दुर्व्यहार और कोर्ट रूम में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में सोमवार को 21वे दिन भी कचहरी में धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने आंदोलन जारी रखा। हालांकि सोमवार सायं को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव की ओर से जारी पत्र के आधार पर अगले तीन सप्ताह तक हड़ताल का स्थगित किए जाने के साथ मंगलवार से प्रदेश में अधिवक्ताओं को कार्य करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अपने पत्र में बार एसोसिएशन ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश उत्तर प्रदेश के आश्वासन एवं सभी बार संघों से वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया है। अब सोमवार से यूपी में सभी न्यायालयों में कामकाज पहले की भांति सुचारू रूप से किया जाएगा। इससे पूर्व सोमवार को कचहरी में धरने की अध्यक्षता सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष ब्रिजेन्द्र सिंह मलिक ने की। धरने को संबोधित करते हुए मुख्य रूप से वक्ताओं ने पुलिस लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। धरने पर मुख्य रूप से पूर्व सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल दीक्षित, अशोक कुशवाहा उदय वीर पोरिया, सत्यपाल सिंह नरेश, जितेंद्र पाल सिंह, प्रदीप मलिक, प्रवीण खोखर, विकास कश्यप, अशोक चौहान, राकेश पाल, आजम अब्बास, संदीप त्यागी, सतीश लाटियान, राहुल चौधरी, अरुण धारीवाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



## बवाल के डर से तड़के में ही बुला ली थी दूसरे जिलों की फोर्स

**संभल, 25 नवंबर (एजेंसी)।** संभल हिंसा मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान माहौल बिगड़ने के डर से पहले ही स्थानीय प्रशासन ने दूसरे जिलों की फोर्स बुला ली थी। सुरक्षा के लिहाज से अमरोहा अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह, सीओ दीप कुमार पंत के अलावा रामपुर, मुरादाबाद की भी फोर्स बुला ली गई थी। जामा मस्जिद के आस-पास के इलाका की कमान अमरोहा एएसपी के कब्जे में रही। ये वही इलाका है जहां हिंसा हुई है। आपको बता दें कि जुमे से एक दिन पहले सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन सतर्कता बरत रहा था, पोस्ट करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही कई लोगों को मुचलकों में पाबंद किया गया था, साथ ही शहर में भारी पुलिस, पीएसी और आरआरएफ तैनात की गई थी। शहर में बिगड़ते हालातों को काबू पाने के लिए पुलिस ने नगर कोतवाली को मुख्य बिंदु बनाया। इसके बाद जैसे ही माहौल बिगड़ने की सूचना मिली तो तुरंत फोर्स ने दौड़ लगा दी। इस दौरान भीड़ में पुलिस प्रशासनिक अमले पर पत्थर के अलावा जूते-चप्पल भी फेंके। रुक-रुक कर करीब तीन घंटे तक बवाल मचा रहा। पुलिस की ओर से आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। जामा मस्जिद के नजदीक बवाल के दौरान हजारों लोगों की भीड़ थी। पथराव करने के लिए भीड़ ने उन ईंटों को हथियार बनाया जो जामा मस्जिद के आसपास मकानों के निर्माण के लिए लोगों ने लाकर रखी थीं। हजारों ईंटों को पत्थरबाजों ने बर्बाद कर दिया और जो ईंटें बचीं वह नगर पालिका की टीम ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले गई।

### 'हमारे सांसद वहां थे नहीं तो एफआईआर संभल में कैसे'?: अखिलेश........



**संभल, 25 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा की घटना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने सपा सांसद जिया उर रहमान पर हुई एफआईआर पर सवाल उठाए हैं। मामले में संभल पुलिस ने भी जवाब दिया। पुलिस का कहना है कि उन्हें पहले भी भड़काऊ भाषण नहीं देने के लिए नोटिस दिया गया था।

अखिलेश यादव ने कहा, "हमारे सांसद जिया उर रहमान संभल में थे ही नहीं, इसके बावजूद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। यह सरकार द्वारा किया गया दंगा है। कोर्ट द्वारा आदेश पारित किए जाने के तुरंत बाद ही पुलिस और प्रशासन सर्वे के लिए जामा मस्जिद पहुंच गए। 23 नवंबर को पुलिस प्रशासन ने कहा कि अगली सुबह 24 तारीख को दूसरा सर्वे किया जाएगा। पुलिस प्रशासन को यह आदेश किसने दिया? जब लोगों ने सर्वे का कारण जानना चाहा तो सर्किल ऑफिसर ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इसका विरोध करते हुए लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। बदले में पुलिस कांस्टेबल से लेकर अधिकारी तक सभी ने अपने सरकारी और निजी हथियारों से गोलियां चलाईं। जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। इससे कई लोग घायल हो गए। पांच निर्दोष लोगों की मौत हो गई। संभल का माहौल खराब करने के लिए पुलिस और प्रशासन के लोगों के साथ-साथ याचिका दायर करने वाले लोग भी जिम्मेदार हैं। उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए ताकि लोगों को न्याय मिल सके और भविष्य में कोई भी संविधान के खिलाफ ऐसी गैरकानूनी घटना न कर सके और न्याय दिया जा सके। संभल हिंसा पर समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि "संभल में पुलिस प्रशासन ने जो घटना को अंजाम दिया है, उसने पूरी मानवता को झकझोर कर रख दिया है और प्रदेश और देश की छवि को धूमिल किया है...कल मैं प्रदेश में भी मौजूद नहीं था, संभल तो दूर की बात है, मैं इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में शामिल होने बेंगलुरु गया था, लेकिन मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह पुलिस प्रशासन की साजिश है. जब जनता को पता ही नहीं है कि आप कब सर्वे के लिए आ रहे हैं, तो वे क्या साजिश करेंगे?... साजिश के तहत उन्होंने हथियारों का इस्तेमाल किया है, उन्होंने हमारे 5 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी है, कई अन्य घायल हैं, झूठा मामला दर्ज किया गया है...मैं चाहता हूं कि इन अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए और उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए।

### पुलिस को गोली ही चलानी होती तो शुरू में 4 घंटे क्यों पत्थर और गोली खातेः अनुज चौधरी

**संभल, 25 नवंबर (एजेंसी)।** शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान फैली हिंसा को लेकर सीओ अनुज चौधरी ने भी बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, "पुलिस कोर्ट के आदेश का पालन कर रही थी, लेकिन सर्वे के दौरान भीड़ इकट्ठी हो गई, वे भ्रमित थे।" संभल सीओ ने कहा, "जब वहां सर्वे चल रहा था तो वहां इकट्ठा होने की क्या जरूरत थी? वहां कोई युद्ध थोड़े ही चल रहा था।" हिंसा के दौरान हुई गोलीबारी के सवाल पर सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि पुलिस के पास 315 बोर की गोलियां नहीं हैं, जो हिंसा के दौरान चलाई गई। उन्होंने कहा कि मेरे पांव में भी गोलियां और छर्रे लगे हैं। हमें भी आत्मरक्षा का अधिकार है। हम लोग पुलिस में मरने के लिए नहीं भर्ती हुए हैं। सीओ अनुज चौधरी ने कहा, "एक पढ़े लिखे आदमी को इन जैसे जाहिल मार देंगे।